आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शिमला में होगा शुरू–मुख्यमंत्री 21 मार्च को वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट करेंगे पेश।
- विधानसभा बजट को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति–कर्मचारियों, पैंशनरों, किसानों–बागवानों और बेरोजगार युवाओं से संबंधित मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी।
- भारत जनजाति महोत्सव 2026 आज से दिल्ली में शुरू–देशभर के 3 सौ से अधिक जनजातीय कारीगर होंगे शामिल।
- चैत्र नवरात्र पर सजने लगे प्रदेश के मंदिर– कल 19 मार्च से शुरू होने वाले इस पर्व के लिए प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में आज से 21 मार्च तक भारी बारिश व बर्फबारी सहित ओलावृष्टि का अलर्ट किया जारी।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शिमला में शुरू हो रहा है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा के साथ शुरू होगी। 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे।

*14वीं विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज सुबह 11 बजे शिमला में शुरू हो रहा है।* सदन की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा के साथ होगी। *इस दौरान कुल 13 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान 8 सौ 37 प्रश्न सदन में उठेंगे। 2 अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल 13 बैठकें होंगी।* 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कार्यकाल का चौथा बजट पेश करेंगे। वहीं 19 मार्च को वित्त वर्ष 2025–26 के अनुपूरक बजट को पारित करवाने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा जिससे सत्र के और भी हंगामेदार होने के आसार हैं। *31 मार्च गैर सरकारी कार्य दिवस निर्धारित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की कार्यवाही को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने का सत्तापक्ष और विपक्ष से आग्रह किया है। बजट सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र को चार सैक्टर में बांटा गया है और 7 सौ पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में मल्टी लेयर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है, ताकि सत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।*

## भाजपा बैठक

इस बीच विधानसभा बजट को लेकर विपक्ष ने रणनीति तैयार कर ली है। भाजपा विधायक दल की बैठक कल देर शाम शिमला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने की। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान वर्तमान प्रदेश सरकार की नीतियों जनविरोधी फैसलों पर चर्चा और आगामी विधानसभा सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस सत्र में कर्मचारियों, पैंशनरों, किसानों–बागवानों और बेरोज़गार युवाओं से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा।

## जनजाति महोत्सव 2026

भारत जनजाति महोत्सव 2026 आज से दिल्ली में शुरू हो रहा है। इस महोत्सव में आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और उद्यमिता को प्रदर्शित किया जाएगा। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम इसका उद्घाटन करेंगे। यह महोत्सव 30 मार्च तक चलेगा। महोत्सव में देश–भर के 78 वन–धन विकास केंद्रों के 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे और 300 से अधिक जनजातीय कारीगर शामिल होंगे।

## चैत्र नवरात्रे

चैत्र नवरात्रों के लिए प्रदेश के मंदिर सजने शुरू हो गए हैं। इस वर्ष नौ दिन का यह पावन पर्व कल 19 मार्च से शुरू होगा। इस दौरान मां की अराधना के नौ दिन में देवी के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती है। चैत्र नवरात्र का समापन 27 मार्च को होगा। प्रशासन ने प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## भेंट

मुख्य सचिव संजय गुप्ता और पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने कल लोकभवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को प्रदेश में कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति और विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान राज्यपाल ने प्रशासन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर बल दिया।

ईको ट्रेल

कुल्लू ज़िला के अनछुए पर्यटक स्थलों को इको ट्रेल से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत जिला का काईस धार क्षेत्र ईको टूरिज्म के लिए धीरे–धीरे अपनी अलग पहचान बना रहा है तथा यहां पर ईको टूरिज्म को नया आयाम मिलने जा रहा है। पर्यटक अब काईस धार से चंबागढ़ तक ई–कार्ट के जरिए सफर कर सकेंगे। ईको ट्रेल से जुड़ने वाले इस ऐतिहासिक स्थल से कुल्लू, मंडी और लाहौल स्पीति की पहाड़ियों का 3 सौ 60 डिग्री का नजारा देखने को मिलेगा।

कैबिनेट रैंक

राज्य सरकार ने विभिन्न प्राधिकरणों को दिए गए 'कैबिनेट रैंक' के दर्जे को वापस लेने का निर्णय लिया है। इसमें बोर्ड, निगम और आयोगों के चेयरमैन, वाईस चेयरमैन, डिप्टी चेयरमैन और प्रधान सलाहकार व राजनीतिक सलाहकार शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह निर्णय व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा है और आने वाले समय में कई परिवर्तन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन पदों को दिए गए 'कैबिनेट रैंक' से संबंधित सभी प्रावधान तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों के वेतन और मासिक भत्तों का 20 प्रतिशत हिस्सा इस वर्ष 30 सितंबर तक स्थगित रहेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं जबकि जनजातीय क्षेत्रों की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने आज से प्रदेश में भारी बारिश व बर्फबारी के साथ–साथ ओलावृष्टि और आंधी–तूफान की चेतावनी भी जारी की है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

सलाहकारों, निगम बोर्डों के अध्यक्ष–उपाध्यक्षों के कैबिनेट रैंक वापस, वेतन में 20 प्रतिशत कटौती संबंधी खबर आज सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता लिए हुए है। अमर उजाला की सुर्खी है आर्थिक संकट से जूझ रही हिमाचल सरकार ने सात सियासी ओहदेदारों के वेतन में छह माह के लिए की कटौती। दैनिक जागरण के अनुसार निगम, बोर्ड के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, सलाहकारों के कैबिनेट रैंक रद्द।

शिमला पहुंच गया सतलुज का पानी शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है आठ साल पहले शुरू हुआ प्रोजेक्ट लाया रंग, अब गर्मियों में नहीं होगा जलसंकट।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से। पंजाब केसरी के शब्द हैं भाजपा ने सरकार को घेरने की बनाई रणनीति, कांग्रेस आज करेंगी बैठक।

मौसम पर दैनिक भास्कर का शीर्षक है मार्च में जनवरी जैसी ठंड, 23 तक जारी रहेगी बर्फबारी–बारिश।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शिमला में होगा शुरू–मुख्यमंत्री 21 मार्च को वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट करेंगे पेश।
- विधानसभा बजट को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति–कर्मचारियों, पैंशनरों, किसानों–बागवानों और बेरोजगार युवाओं से संबंधित मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी।
- भारत जनजाति महोत्सव 2026 आज से दिल्ली में शुरू–देशभर के 3 सौ से अधिक जनजातीय कारीगर होंगे शामिल।
- चैत्र नवरात्र पर सजने लगे प्रदेश के मंदिर– कल 19 मार्च से शुरू होने वाले इस पर्व के लिए प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में आज से 21 मार्च तक भारी बारिश व बर्फबारी सहित ओलावृष्टि का अलर्ट किया जारी।